# यूपी ने गन्ना खरीद मूल्य 25 रु. प्रति क्विंटल बढ़ाया

केंद्र के तीन कृषि कानूनों के विरोध में पिछले नौ माह से आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद से ठीक एक दिन पहले रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किसानों के हक में लागू की गई योजनाओं की चर्चा करते हुए गन्ना मूल्य में प्रति क्विंटल 25 रुपये की वृद्धि की घोषणा की। सामान्य गन्ने का दाम 315 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।